कार्यालय प्राचार्य, शासकीय कमलादेवी राठी महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव (छ.ग.)

Web site – www.govtkdmcollegerjn.com **Phone No.– 07744-225171**

Email –kamlacollege.rjn@gmail.com **Fax No. – 07744-225171**

// कमला कॉलेज में जीवन के हर विषय उपयोगी है रियल नम्बर. . //

राजनांदगांव : शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकात्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के गणित विभाग द्वारा डॉ.सुमन सिंह बघेल प्राचार्य के मार्गद”र्न में छात्राओं में गणितीय जागरूकता बढ़ाने हेतु एक सेमीनार का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में डॉ.शबनम खान विभागाध्यक्ष गणित शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव ने रियल नम्बर सिस्टम एण्ड एप्लीके”ान्स विषय पर बोलते हुए कहा कि रियल नम्बर जीवन के हर विषय में उपयोगी है । उन्होंने रियल नम्बर के विभिन्न प्रमेयों एवं उनके उपयोग पर विस्तार से जानकारी दी । महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ.हरप्रीत कौर गरचा ने बताया कि दुनिया के जाने माने भाषाविद् प्रो.बेकन कहते थे कि गणित के प्र”नों को हल करने पर व्यक्ति का डिप्रे”ान समाप्त हो जाता है । इस तरह के कार्यक्रमों से छात्राओं में गणित सीखने की ललक बढ़ेगी । गणित विभागाध्यक्ष डॉ.ओंकार लाल श्रीवास्तव ने इस अवसर पर कहा कि गणित सभी विषयों की जननी मानी गई है, और आजकल नेटवर्किंग, डाटा ट्रांसफार्मे”ान सहित मेडिकल साइंस में भी गणित का उपयोग बढ़ता जा रहा है । इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की 72 छात्राएं लाभान्वित हुई । कार्यक्रम में प्रो.आलोक जो”ाी प्राणी”ाास्त्र विभाग, कु.वर्षा वर्मा भौतिक शास्त्र, कु.सोनाली लोया, श्री यीष्टदेव देवांगन, श्री अमित कुमार देवांगन रसायन”ाास्त्र विभाग सहित अन्य विभागों की छात्राएं भी उपस्थित रही । महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम के प्रारम्भ में सरस्वती वंदना किया गया एवं अंत में अपने प्र”नों का समाधान प्राप्त किया ।